## एक नजर में

### जिले में 1104 स्प्रिंकलर और ड्रिप सेट को मंजूरी, सिंचाई व्यवस्था होगी मजबूत



**मंदसौर।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में किसानों को आधुनिक सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। ऊपर ड्रॉप मोर क्रॉपऊ योजना के तहत वर्ष 2026 के बजट में 450 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मंदसौर जिले का कुल कृषि योग्य रकबा 3,56,200 हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत यानी करीब 3,10,000 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित है।जिले में सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरिगेशन) का विस्तार लगातार बढ़ रहा है, जिससे पानी की बचत और बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हो रहा है। योजना के अंतर्गत जिले को स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सेट के लिए 1104 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध सभी 1104 स्प्रिंकलर/ड्रिप सेट की स्वीकृति जारी कर दी गई है।इससे किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीक अपनाने में प्रोत्साहन मिलेगा और जल संसाधनों का अधिक कुशल उपयोग हो सकेगा। अनुदान प्रावधान के तहत 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले कृषकों को लागत का 45 प्रतिशत तथा 1 से 2 हेक्टेयर तक के कृषकों को लागत का 55 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### नगर परिषद भैंसोदा ने की तालाब की सफाई जल संरक्षण को मिला बढ़ावा

**मंदसौर।** जल गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले भर में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।इसी कड़ी में नगर परिषद भैंसोदा द्वारा क्षेत्र के प्रमुख तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संचयन सुनिश्चित करना तथा भू-जल स्तर में वृद्धि करना है।नगर परिषद द्वारा तालाब से गाद, कचरा एवं अन्य अवांछित पदार्थों को हटाकर जल संग्रहण क्षमता बढ़ाई जा रही है।इस कार्य से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमदान के माध्यम से सहयोग प्रदान किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत जिले की पुरानी जल संरचनाओं—जैसे कुएं, बावड़ियां, तालाब एवं नालों—का जीर्णोद्धार एवं सफाई कार्य निरंतर जारी है।अधिकारियों ने बताया कि इन प्रयासों से आने वाले समय में जल संकट से निपटने में काफी सहायता मिलेगी। यह अभियान 30 जून 2026 तक सतत रूप से संचालित किया जाएगा, जिसमें सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महत्त्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास की जल संरचनाओं के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

## आर्य समाज के 151वें स्थापना दिवस पर विश्व शांति के लिए यज्ञ

**मंदसौर। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर स्थानीय आर्य समाज द्वारा अपना 151वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय और श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया।**



इस ऐतिहासिक उपलक्ष्य में विश्व शांति और लोक कल्याण की मंगलकामना को लेकर एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों और आर्य समाज के अनुयायियों ने सम्मिलित होकर अपनी आहुतियां समर्पित कीं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस यज्ञ में वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित जनसमूह के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया।

समारोह के दौरान आर्य समाज के प्रधान मधुसूदन आर्य ने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन और आर्य समाज की गौरवशाली विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्वामी जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और वेदों की ओर लौटने का जो मार्ग दिखाया था, वह आज भी प्रासंगिक है। आर्य समाज पिछले 150 वर्षों से शिक्षा, समाज सुधार और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार में निरंतर संलग्न है। इस महत्वपूर्ण सत्र में सुधा कर्मी और वेद कुमार द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया, जिन्होंने यज्ञ के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को भी साझा किया।

स्थापना दिवस के इस विशेष कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रबुद्ध जन और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से राजेश पालीवाल, बाबूलाल पंवार, गायत्री प्रसाद शर्मा, वेद कुमारी शर्मा, सुनील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मयंक गुप्ता, सूर्यप्रकाश, प्रवीण शर्मा, रमेशचन्द्र राव, किरण खत्री और रमेशचन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य आर्य समाजी बंधुओं ने भी कार्यक्रम में सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनाया।

## राठौड़ की 84वीं जयंती पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आज



**मंदसौर।** श्री खाटूश्याम मंदिर के संस्थापक वैकुंठवासी ठाकुर अर्जुनसिंह राठौड़ की 84वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर 21 मार्च (शनिवार) को शहर में सेवा, श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11.30 बजे किला रोड स्थित काश्तकार होटल के सामने प्याऊ (जल सेवा) का शुभारंभ विधायक विपिन जैन के हाथो होगा, जल मन्दिर के माध्यम से आमजन को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ राष्ट्रीय संत परम पूज्यनीय गुरुदेव डॉ. पं. मिथलेश नागर के श्रीमुखारविंद से दिव्य संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। ठाकुर अनिल सिंह राठौड़ (सेवानिवृत्त डीएसपी, म.प्र. शासन) व शैलेन्द्रसिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विशेष सेवा कार्यों के अंतर्गत गायों के लिए पानी के कुंड एवं पंछियों के लिए जल सकोरे भी वितरित किए जाएंगे, जिससे जीव-जंतुओं के प्रति सेवा और संवेदनशीलता का संदेश समाज में प्रसारित होगा। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और भक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।




## विधि महाविद्यालय के शिविर में सायबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के चतुर्थ दिवस साइबर क्राइम दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेश सुराना, स्टेट डायरेक्टर नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वर्चुअल और रियलिस्टिक दुनिया का भी वर्णन कीजिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। बौद्धिक कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि द्वारा मां शारदे एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान, प्रवीण चौधरी एवं करण आर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी अंजलि व्यास ने किया।

**एक नजर** ▶ सिंधी समाज ने निकाली वाहन रैली, शाम को भंडारे का किया आयोजन

## भक्ति और उत्साह के संगम के साथ मंदसौर में मना चेटीचंड महोत्सव



**मंदसौर।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत एवं वरुण देव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल का पावन जन्मोत्सव 'चेटीचंड' अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस महापर्व के उपलक्ष्य में मंदसौर के सिंधी समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया।

कार्यक्रमों की इस भव्य श्रृंखला की शुरुआत प्रतिदिन प्रात:काल निकलने वाली प्रभात फेरियों से हुई, जो लगातार पांच दिनों तक श्रद्धा का केंद्र बनी रहीं। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 6 बजे स्थानीय हेमू कालाणी चौराहे से प्रारंभ होकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों और गलियों से गुजरी, जहां भजन-कीर्तन और 'आयोलाल झूलेलाल' के जयघोष के साथ घर-घर जाकर भगवान का अलख जगाया गया। प्रभात फेरी के अंतिम दिन यात्रा हेमू कालाणी चौराहे से प्रारंभ होकर वरुणदेव मंदिर पहुंची, जहां इसका विधि-विधान से समापन हुआ। इस दौरान मातृशक्ति, युवा वर्ग और वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

उत्सव की कड़ी में शुक्रवार को प्रात: काल एक विशाल वाहन रैली का युवा संगठन अध्यक्ष नितेश सतीदासानी (चिपू) के नेतृत्व आयोजन किया गया। इस रैली में समाज के युवाओं और महिलाओं ने केसरिया और श्वेत ध्वजों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वल्पाहार के साथ भव्य स्वागत किया गया, जिससे आपसी भाईचारे और एकता का अनुपम दृश्य निर्मित हुआ।रैली के पश्चात दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में विशाल भंडारे (प्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। सेवा का यह क्रम अनवरत जारी रहा और रात्रि 8 बजे भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के हर वर्ग ने एक साथ बैठकर भोजन किया।



## एक नजर में

### चेटीचंड पर निकला चल समारोह, आयोलाल -झूलेलाल के जयकारों से गूंजा शहर, 11 दिवसीय जन्मोत्सव संपन्न



**नीमच।** नगर में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का 1076वां जन्मोत्सव चेटीचंड शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में 11 दिवसीय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य समापन हुआ। जन्मोत्सव के मुख्य दिन सुबह भागेश्वर मंदिर में भगवान झूलेलाल जी का विशेष अभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।इसके बाद मंदिर परिसर से एक विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: भागेश्वर मंदिर पर संपन्न हुआ। चल समारोह में बैंड-बाजे की धुन पर भगवान झूलेलाल के भजनों पर महिलाएं और बालिकाएं पारंपरिक नृत्य करती चल रही थीं। डीजे की थाप पर युवाओं की टोलियां भी उत्साह से झूमती दिखाई दीं। फूलों से सजे भव्य रथ में भगवान झूलेलाल भक्तों को दर्शन दे रहे थे। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। समाजसेवियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और अन्य समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया।इस दौरान पूरा शहर 'जय झूलेलाल' के उद्घोष से गूंज उठा। दिन में निकले इस भक्तिमय चल समारोह के बाद शाम को भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इनमें सिंधी समाज के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पर मनेगा 20वां श्री हनुमान जन्मोत्सव, तैयारियां जारी

**नीमच।** ग्वालटोली में हाईवे रोड पर स्थित दक्षिण मुखी एवं चमत्कारिक श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर आगामी 20 वां श्री हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा भक्तगण के सहयोग से आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री बालाजी महाराज का कीर्तन, श्रीराम धुन, हवन, भंडारा, महाआरती, 56 भोग सहित अन्य आयोजन किये जायेंगे, जिसकी तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण की जा रही हैं। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर पर विशेष साज सजावट की जाएगी, वहीं मंदिर में विराजमान श्री बालाजी महाराज की चमत्कारिक प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के संरक्षक किशन खलीफा, नंदलाल बानिये व लोकेश रियार ने बताया कि इस बार मंदिर पर 20 वां हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ मनेगा, जिसके अन्तर्गत 1 अप्रैल को मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज का संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। सायं 7 .15 बजे से प्रारम्भ होने वाले इस कीर्तन कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक अभि-अनुज पारिक (भीलवाड़ा), मिताली मानसिंहका-भीलवाड़ा एवं विनोद भैया-नीमच मधुर संगीत के साथ भजनोपल की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के अन्तर्गत अगले दिन 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रात: 5 .30 बजे से श्री राम धुन (प्रभातफेरी) निकाली जाएगी, उसके पश्चात?? मंदिर पर मंगला आरती होगी। 9 बजे से हवन प्रारम्भ होगा, जिसकी पूर्णाहुति 11 .30 बजे की जाएगी, जिसके बाद भोग लगाकर भंडारा प्रसादी का आयोजन प्रारम्भ होगा, जो शाम तक चलेगा। सायं 5 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ, 8 बजे से महाआरती होगी। उसके बाद 56 भोग लगेगा और प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## पुलिस ने त्योहारों से पहले की परखी सुरक्षा तैयारी

▶ **पुलिस लाइन कनावटी में व्यापक बलवा ड्रिल**




**नीमच।** आगामी ईद-उल-फितर, नवरात्रि एवं रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए नीमच पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 20 मार्च 2026 को पुलिस लाइन कनावटी में व्यापक बलवा ड्रिल (रायट कंट्रोल अभ्यास) का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशानुसार आयोजित इस ड्रिल में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर दंगा या भीड़ नियंत्रण जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

**कई प्रकार की रणनीति का अभ्यास**-ड्रिल के दौरान पुलिस बल ने बलवाईयों (उपद्रवियों) को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों का अभ्यास किया। इसमें लाठीचार्ज, टीयर गैस के गोले छोड़ना तथा आवश्यक परिस्थिति में फायरिंग जैसे उपाय शामिल रहे। अभ्यास के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई, आपसी समन्वय और भीड़ नियंत्रण की तकनीकों का प्रदर्शन किया।

ड्रिल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप बनाया गया, जिसमें प्रतीकात्मक रूप से 5 बलवाईयों के घायल होने का परिदृश्य भी शामिल किया गया, ताकि जवानों की तैयारी का सही आकलन किया जा सके।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण**-इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने उपस्थित रहकर ड्रिल का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ड्रिल में नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, एसडीओपी जावद रोहित राठौर, एसडीओपी मनासा निकीता सिंह सहित जिले के अधिकांश थाना प्रभारी, सभी चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन के सूबेदार सुरेश सिसोदिया तथा अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से थाना प्रभारी नीमच कैंट निरीक्षक निलेश अवस्थी, बघाना निरीक्षक राधेश्याम डांगी, जीरन निरीक्षक उमेश यादव, रतनगढ़ निरीक्षक मनोज सिंह जादौन, सिंगोली निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, मनासा निरीक्षक शिव रघुवंशी, कुकड़ेश्वर निरीक्षक भीम सिंह सिसोदिया एवं रामपुरा उपनिरीक्षक विपिन मसीह सहित कुल 156 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

**एसपी का सख्त संदेश**-पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान वे पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहें और किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहें। साथ ही उन्होंने बलवा ड्रिल का नियमित अभ्यास जारी रखने के निर्देश भी दिए।

> **सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्पष्ट संदेश**
>
> नीमच पुलिस की यह व्यापक बलवा ड्रिल साफ संकेत देती है कि त्योहारों के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

## जमीन खरीदना होगा महंगा, 1110 लोकेशनों पर 60% तक बढ़ेंगी दरें

▶ **1 अप्रैल से नई गाइड लाइन**

**नीमच।** आमजन को इस बार जमीनों की प्रस्तावित गाइड लाइन में किसी प्रकार की राहत नहीं मिलेगी। जिला मूल्यांकन समिति ने जिले की कुल 2436 लोकेशन में से 45.57 प्रतिशत यानी 1110 लोकेशन पर 1 से 60 फीसदी तक दर बढ़ाना प्रस्तावित किया है। इनमें से केवल 28 लोकेशन ऐसी हैं, जहां 31 से 60 प्रतिशत तक दर बढ़ाने का प्रस्ताव है।सबसे ज्यादा 616 लोकेशन पर 11 से 20 प्रतिशत, 309 लोकेशन पर 1 से 10 प्रतिशत तथा 157 लोकेशन पर 21 से 30 प्रतिशत तक दर बढ़ाई जाएगी। जमीनों के प्रस्तावित भाव तय करने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई थी।


देर रात तक जिला पंजीयक विभाग प्रस्तावित गाइड लाइन में संशोधन करता रहा। पहले केवल 760 लोकेशन पर ही दर बढ़ाने की रूपरेखा थी लेकिन बैठक में लोकेशन बढ़ा दी गई। अब विभाग प्रस्तावित गाइड लाइन पर 21 मार्च तक सुझाव व दावे-आपत्ति स्वीकार करेगा। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में जनता से दावे-आपत्ति मांगे गए हैं। जिला पंजीयक प्रशांत पाराशर ने बताया कि प्रस्तावित गाइडलाइन के लिए जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालयों में 21 मार्च को दोपहर 12 बजे तक दावे-आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुरुवार को छुट्टी के दिन भी पंजीयक कार्यालय खुला था। लेकिन किसी ने प्रस्तावित गाइड लाइन पर दावे-आपत्ति दर्ज नहीं करवाई। शुक्रवार और शनिवार को भी अवकाश होने के बावजूद पंजीयक कार्यालय खुलेंगे और दावे-आपत्ति लेंगे। 21 मार्च तक प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण कर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में अंतिम प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाएगा, क्योंकि 1 अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू होनी है।

गुरुवार को शासकीय अवकाश के दिन भी उप पंजीयक कार्यालय खुला था। गुड़ी पड़वा, नववर्ष और चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा के शुभ योग में भवन/भुखंड के लिए दस्तावेज पंजीयन करवाए।

**एक नजर** ▶ 20 फीट तक घिसटती गई मशीन, बाइक क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे दो बाइक सवार

## महू-नसीराबाद हाईवे पर बोरवेल मशीन से टकराकर पलटा ट्रक



**नीमच।** महू-नसीराबाद हाईवे पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और सड़क किनारे खड़ी बोरवेल मशीन के बीच भिड़ंत हो गई। धानुका फैक्ट्री के पास हुए इस हादसे में सीमेंट से भरा बोरवेल मशीन को टक्कर मारते हुए पलट गया। इस दौरान भारी-भरकम बोरवेल मशीन करीब 20 फीट तक घसीटती हुई सड़क से नीचे खेत के किनारे जा गिरी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक (आरजे 09 जीडी 9036) की रफ्तार काफी अधिक थी, जिससे टकराने के बाद ट्रक का ट्राला पलट गया और पूरी सीमेंट सड़क पर बिखर गई। इस दौरान पास ही खड़े दो बाइक सवार, दीपक खारोल और बलवंत चौहान, चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए।

**एक मिनट की देरी से जा सकती थी जान**-पीड़ित दीपक खारोल ने बताया कि वे अपने साथी के साथ दूलाखेड़ा से वेयर हाउस ड्यूटी पर जा रहे थे। लघुशंका के लिए वे अपनी बाइक खड़ी कर कुछ दूरी पर गए ही थे कि तभी बेकाबू ट्रक ने खड़ी बोरवेल मशीन को टक्कर मार दी। मशीन घसीटती हुई उनकी बाइक पर जा गिरी। दीपक ने बताया कि यदि वे अपनी बाइक के पास होते तो गंभीर अनहोनी हो सकती थी।

> **क्रेन की मदद से हटाया ट्रक**
>
> हादसे की सूचना मिलते ही नीमच सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पलटे हुए ट्रक और बिखरी सीमेंट के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया था। पुलिस ने क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त वाहनों और बोरवेल मशीन को मार्ग से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।